**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1027**
**दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 / 13 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों में रिक्तियां**

**1027 श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः**
**श्री देरेक ओब्राईनः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) 30 अक्टुबर, 2024 तक केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में रिक्तियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी सशस्त्र अर्धसैनिक बल-वार ब्यौरा क्या है;**

**(ख) केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों में इन रिक्तियों के क्या कारण हैं;**

**(ग) इन रिक्तियों को भरने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं / किए जा रहे हैं;**

**(घ) मौजूदा रिक्तियों को कब तक भरा जाएगा; और**

**(ङ) पिछले पांच वर्षों के दौरान सीएपीएफ में कितने नए पद सृजित किए गए हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क): 30 अक्टूबर, 2024 तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में रिक्तियों की संख्या का बल-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| सीएपीएफ और एआर | रिक्तियां |
|---|---:|
| असम राइफल्स (एआर) | 3,377 |
| सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) | 12,808 |
| केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) | 31,782 |
| केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) | 33,730 |
| भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) | 9,861 |
| सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) | 8,646 |

**राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.1027, दिनांक 04.12.2024**

(ख) से (घ): सीएपीएफ और एआर में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, पदोन्नति, मृत्यु, नई बटालियन की स्थापना, नए पदों के सृजन आदि के कारण उत्पन्न होती हैं। रिक्तियों को भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और संबंधित बलों के माध्यम से रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए तत्परता से कदम उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स (एआर) में रिक्तियों को शीघ्र भरने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित अतिरिक्त उपाय किए हैं:-

(i) कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पद हेतु वार्षिक भर्ती, जिसके लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

(ii) जनरल ड्यूटी पदों पर भर्ती के समन्वय के लिए, कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), उप-निरीक्षक (जनरल ड्यूटी) और सहायक कमांडेंट (जनरल ड्यूटी) के रैंक में भर्ती के लिए दीर्घकालिक आधार पर एक नोडल बल नामित किया गया है।

(iii) सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स को नॉन-जनरल ड्यूटी संवर्गों में रिक्त पदों पर समयबद्ध तरीके से भर्ती करने के निदेश जारी किए गए हैं।

(iv) पदोन्नति आधारित रिक्तियों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकों का समय से आयोजन करना।

(v) भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मेडिकल जांच में लगने वाले समय को कम कर दिया गया है।

(vi) कांस्टेबल/जीडी के लिए पर्याप्त अभ्यर्थी (विशेष रूप से उन श्रेणियों में, जहां कमी देखी गई है) प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट ऑफ अंक कम कर दिए गए हैं।

**राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.1027, दिनांक 04.12.2024**

(ङ): विगत पांच वर्षों के दौरान सीएपीएफ और एआर में सृजित किए गए नए पदों की संख्या निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **सृजित किए गए नए पदों की संख्या** | | | | | | **कुल संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **एआर** | **बीएसएफ** | **सीआईएसएफ** | **सीआरपीएफ** | **आईटीबीपी** | **एसएसबी** | |
| 2020 | - | - | 772 | 420 | - | 548 | **1,740** |
| 2021 | - | 108 | 811 | 325 | - | - | **1,244** |
| 2022 | 75 | - | 6,219 | 26 | 2, 298 | - | **8,618** |
| 2023 | - | 54 | 5,789 | 4,156 | 5,306 | - | **15,305** |
| 2024 | - | 7,210 | 17,668 | 9,084 | 7,592 | 2,770 | **44,324** |
| **कुल** | **75** | **7,372** | **31,259** | **14,011** | **15,196** | **3,318** | **71,231** |

*******